**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय सोमवार के लिए निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–24 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 24 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद सिद्धार्थनगर आगमन के अवसर पर नगर पंचायत विस्कोहर–सिद्धार्थनगर द्वारा नगर वासियों को हार्दिक शुभकामनाओं का विज्ञापन प्रकाशित किया गया एवं शासकीय धन से क्या भुगतान किया गया? | जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर की आख्या दिनांक 25.02.2025 के अनुसार उत्तर प्रदेश के यशस्वी मा0 मुख्य मंत्री जी के जनपद सिद्धार्थनगर आगमन के अवसर पर नगर पंचायत विस्कोहर द्वारा निकाय के नागरिकों का अभिनन्दन करते हुए उनसे स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर पंचायत की रैंकिंग को प्रदेश में उच्च स्तर पर लाने हेतु सहयोग किये जाने की अपील का विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। प्रकाशित अपील के विज्ञापन का भुगतान नियमतः निकाय द्वारा अपने आय के स्रोतों से किया गया है। |
| (ख) यदि हाँ, तो विज्ञापन में किन–किन अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों के फोटो लगाये जाने का क्या प्राविधान है? | विज्ञापनों में अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों की फोटो लगाने के सम्बन्ध में कोई स्पष्ट प्राविधान नहीं है। |
| (ग) क्या प्रश्नकर्ता का नोडल जनपद एवं गृह जनपद सिद्धार्थनगर है? | जी हाँ |
| (घ) यदि हाँ, तो प्रश्नकर्ता का फोटो उक्त विज्ञापन में प्रकाशित न होना मेरे विशेषाधिकार का हनन नहीं है? | उपरोक्तानुसार |
| (ड) यदि हाँ, तो क्या इसकी जाँच कराकर उत्तरदायी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करायेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |

ए.के. शर्मा
मंत्री,
नगर विकास विभाग।